न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, कोटा

पीठासीन अधिकारी : ओम कसेरा, आई0ए0एस0

प्रकरण संख्या – 7 /2020 (Bank Case)

जम्बो फिनवेस्ट (इण्डिया) लि0 जिसका मुख्य व्यवसायिक रजिस्टर्ड कार्यालय– 102, कंचन अपार्टमेन्ट, एल.बी.एस. कॉलेज के सामने, तिलक नगर, जयपुर राजस्थान पिन–302004 में स्थित व कार्यरत हैं।

– प्रार्थी /सिक्योर क्रेडिटर

बनाम

1. श्री हेमन्त पुत्र श्री कनन (ऋणी)
   पता– बृजराज कॉलोनी, सिविल लाईन नयापुरा कोटा राज0–324001
2. श्रीमती अन्नम्मा पत्नी श्री कनन (सहऋणी)
   पता– बृजराज कॉलोनी, सिविल लाईन नयापुरा कोटा राज0–324001
3. श्री मुन्निश्वर पुत्र श्री कनन (सहऋणी)
   पता– बृजराज कॉलोनी, सिविल लाईन नयापुरा कोटा राज0–324001
4. श्री शंकर सिंह पुत्र श्री पदम सिंह सौलंकी (जमानती)
   पता– 1303, ऑफिसर क्लब के पास, नयापुरा कोटा राज0–324001

– अप्रार्थीगण/ऋणी

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002

उपस्थित
श्री अमर सिंह नरूका, अभिभाषक प्रार्थी

आदेश

दिनांक: 21 .01.2020

संक्षेप मे प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि जम्बो फिनवेस्ट (इण्डिया) लि0 जिसका मुख्य व्यवसायिक रजिस्टर्ड कार्यालय– 102, कंचन अपार्टमेन्ट, एल.बी.एस. कॉलेज के सामने, तिलक नगर, जयपुर राजस्थान पिन–302004 में स्थित व कार्यरत हैं, से अप्रार्थीगण ने दिनांक 31.08.2017 को रूपये 6,00,000/–(अक्षरेः रूपये छः लाख मात्र) का ऋण लिया था। अप्रार्थीगण ने ऋण व उसके मय ब्याज के पुनर्भुगतान हेतु सिक्योरिटी के रूप मे **अचल सम्पत्ति श्रीमती अन्नम्मा पत्नी श्री कनन की सम्पत्ति, 15, बृजराज कॉलोनी, कोटा राजस्थान जिसका प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 109.85 स्क्वायर यार्ड हैं एवं चतुर्थ सीमाऐ– पूर्व में भैरूलाल का मकान, पश्चिम में चौथमल एवं रमेश का मकान, उत्तर में लक्ष्मी का मकान, दक्षिण में रोड हैं,** को प्रार्थी बैंक के पक्ष में गिरवीकृत किया गया था। अप्रार्थीगण ने नियमित रूप से प्रार्थी का उक्त ऋण का भुगतान नहीं कर सका और ऋण के भुगतान में व्यक्तिक्रम व डिफाल्ट होने पर प्रार्थी बैंक द्वारा अप्रार्थीगण के खाते को दिनांक 23.10.2019 को एन.पी.ए. कर दिया गया । अप्रार्थीगण के खातों मे 5,82,301/– (अक्षरे रूपये पांच लाख बियासी हजार तीन सौ एक मात्र) बकाया रकम दिनांक 23.10.2019 तक शेष देय है व आगे की बकाया राशि मय ब्याज व खर्चे पूर्णभुगतान करने तक के लिए अप्रार्थीगण जिम्मेदार है। प्रार्थी बैंक ने उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थीगण को दिनांक 31.10.2019 को रजिस्टर्ड

जिला मजिस्ट्रेट

Scanned by CamScanner

डाक से नोटिस भी प्रेषित किये गये, इसके बावजूद ऋण राशि मय ब्याज चुकाने मे चूक की है। ऋणी द्वारा बंधक सम्पत्ति का कब्जा भी प्रार्थी बैंक को नही संभलाया है। प्रार्थी बैंक द्वारा The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 की धारा 14 के तहत उपरोक्त खाते मे देय राशि के पुर्नभुगतान हेतु रहनशुदा सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक को जरिये पुलिस इमदाद संभलाने के लिये यह प्रार्थना पत्र जरिये अभिभाषक प्रस्तुत किया गया।

अभिभाषक प्रार्थी को सुना गया। अभिभाषक प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रकट किया कि अप्रार्थीगणों ने उसके खाते मे देय ऋण राशि मय ब्याज की राशि के भुगतान हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थी को दिनांक 31.10.2019 को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भी प्रेषित किये गये, इसके बावजूद ऋण राशि मय ब्याज चुकाने मे चूक की है। अतः उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक को या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति को दिलवाने का आदेश फरमाते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जावे।

हमने बहस पर मनन किया एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया। प्रार्थी बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत दिनांक 31.10.2019 को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भी प्रेषित किये गये, इसके पश्चात भी मांग की गई राशि का अप्रार्थीगणों द्वारा भुगतान नहीं किया है। अतः प्रार्थी बैंक द्वारा The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है ऋणी/बंधककर्ता **अचल सम्पत्ति श्रीमती अन्नम्मा पत्नी श्री कनन की सम्पत्ति, 15, बृजराज कॉलोनी, कोटा राजस्थान जिसका प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 109.85 स्क्वायर यार्ड हैं एवं चतुर्थ सीमाऐ– पूर्व में भैरूलाल का मकान, पश्चिम में चौथमल एवं रमेश का मकान, उत्तर में लक्ष्मी का मकान, दक्षिण में रोड हैं,** का भौतिक कब्जा प्रार्थी बैंक द्वारा जरिये संबंधित पुलिस थाना इमदाद प्राप्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त सम्पत्ति का कब्जा दिलाने हेतु पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भत्ता व यात्रा व्यय आदि का भुगतान नियमों मे देय है तो संबंधित बैंक द्वारा वहन किया जायेगा। आदेश की प्रति प्रार्थी बैंक, पुलिस अधीक्षक (शहर) कोटा को हस्ब कायदा जारी हो। सम्पत्ति के स्वामित्व अथवा कब्जे को लेकर किसी भी तरह का विवाद होने की स्थिति में यह आदेश क्रियान्वित ना कर विवाद के संक्षिप्त विवरण सहित इस न्यायालय को लौटाया जावे।

आदेश आज दिनांक 21.01.2020 को सुनाया गया।

(ओम कसेरा)
जिला मजिस्ट्रेट
कोटा

Scanned by CamScanner